# दस हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ाया राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का ब्लॉक मैनेजर राजीव चौधरी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के मोहखेड़ विकासखंड में शुक्रवार को लोकायुक्त टीम ने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर राजीव चौधरी को रिश्वत लेते पकड़ा है। मैनेजर 10 हजार रुपए की रिश्वत ले रहे थे।

जानकारी के अनुसार राजीव चौधरी ने योजना से संबंधित ऋण स्वीकृति दिलाने के एवज में महिला स्व-सहायता समूह से 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी, शिकायत लोकायुक्त कार्यालय तक पहुंची, जिसके बाद टीम ने योजना बनाकर ट्रैप की कार्रवाई की।

जैसे ही श्री चौधरी ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उन्हें उमरानाला रेस्ट हाउस लाया गया, जहां आगे की पूछताछ और दस्तावेजी कार्रवाई की गई। लोकायुक्त की इस कार्रवाई से सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया। ब्लाक मैनेजर से पूछताछ कर जमानत पर रिहा कर दिया गया है। मामले में और भी खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने बताया कि ग्राम मोहखेड़ के ब्लॉक प्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा स्व सहायता समूह चलने वाली महिला ललिता नागरे से रिश्वत मांगी गई थी। जिस पर राधे-राधे स्व सहायता समूह की अध्यक्ष सोनिया बोहत ने शिकायत की। इसके बाद जबलपुर लोकायुक्त टीम ने कार्रवाई की।

राजीव चौधरी को सोनिया बोहत के घर से 10,000/- रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन 2018 की धारा 7-13(३)बी 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की गई। और प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही के उपरांत जमानत पर रिहा कर दिया गया। यह कार्यवाही पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त संगठन के निर्देश पर एस.पी. लोकायुक्त जबलपुर संजय साहू के मार्गदर्शन में टीम के द्वारा की गई है। इस सम्पूर्ण कार्रवाई में लोकायुक्त इंस्पेक्टर रेखा प्रजापति के साथ नरेश मेहरा, जितेंद्र यादव, सहित टीम के अन्य सदस्य शामिल थे जिनके द्वारा घेराबंदी कर रंगे हाथो गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। देर शाम तक चले कार्यवाही में समूचे मोहखेड़ के सरकारी महकमें में हड़कम्प व्याप्त हो गया कि आजीविका मिशन जैसे संस्था जो स्व सहायता समूह को बढ़ावा देकर रोजगार मुहैया करवाती है उन्हें भी कर्मचारी, अधिकारियों ने नहीं बक्शा।



## उरधन में आग से जल रहा है हजारों टन कोयला : विधायक

**परासिया, देशबन्धु।** वे.को.लि. के पेंच क्षेत्र की उरधन ओपन कास्ट खदान के कोयले में पिछले कुछ दिनों से आग लगी हुई है, जिसके कारण प्रतिदिन काफी कोयला जल रहा है। प्रबंधन के द्वारा आग बुझाने के लिए जो प्रयास किये जा रहे हैं वह नाकाफी साबित हो रहा है।

श्रमिक संगठन इंटक के अध्यक्ष एवं विधायक सोहन वाल्मीकि ने आग को लेकर कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को पत्र लिखा है जिसमें कहा है कि वर्तमान में उरधन में कोयले का करीब 4 लाख टन का स्टॉक हो गया है, जिसमें चारों ओर से आग लगने के कारण हजारों टन कोयला रोज जल रहा है। इंटक अध्यक्ष का कहना था कि चूंकि प्रबंधन इस बात को जानता था कि कोयले का अधिक भंडारण होने पर आग लगेगी, लेकिन ऐसा कोई प्रयास पहले से नहीं किया गया जिससे कि भंडारण में आग न लगे। अध्यक्ष का कहना था कि कोयले का डिस्पैच नहीं होने के कारण कोयले का स्टाक बढ़ा है। आग के कारण आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है जिससे पर्यावरण का भी नुकसान है। वहीं रहवासी भी परेशान है। विधायक ने सीएमडी से अधिकारियों को आग बुझाने के लिए कड़े निर्देश देने के बारे में कहा है।

### सार-समाचार

## जतिन बंदेवार ने गंचनजंगा की चोटी पर लहराया तिरंगा सांसद ने किया सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सेन समाज जिला अध्यक्ष सागर बंन्देवार ने बताया कि समाज के जतिन बंदेवार और कैडेट नम्रता कुड़ोपा ने अपने साहस और अनुशासन का परिचय देते हुए माउंट रेनोक, पश्चिम सिक्किम की 16,500 फीट ऊँची चोटी पर तिरंगा फहराया। यह पर्वतारोहण हिमालय माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट (एच.एम.आई.) दार्जिलिंग द्वारा आयोजित किया गया था।

जतिन बंदेवार एवं नम्रता कुड़ोपा की इस सफलता पर आज सांसद विवेक बंटी साहू ने दोनों पर्वतारोही की सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की एन.सी.सी. कैडेट्स कैडेट नम्रता कुड़ोपा ने 16,500 फीट की ऊंचाई तक सफलतापूर्वक ट्रेकिंग कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया, जबकि कैडेट जतिन बंदेवार ने 14,500 फीट की ऊंचाई माउंटेन ब्लैक काबरू तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की, दोनों कैडेट्स ने अपने साहस और अनुशासन से 24 एम.पी. बटालियन एनसीसी और पीएमसीओई शासकीय पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा का नाम रोशन किया है।

ज्ञात हो की पर्वतारोहण जैसे साहसिक अभियान में भाग लेने वाले कैडेट्स का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के



साथ ही त्वरित निर्णय तथा सूझबूझ के साथ अभियान में सर्वोच्च निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने की चुनौती होती है, समुद्र तल से अधिक ऊंचाई होने के साथ प्रतिकूल जलवायु और ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी मस्तिष्क की निर्णय क्षमता को प्रभावित करती है, ऐसे चुनौतीपूर्ण अभियान में रक्तचाप और ऑक्सीजन स्तर को बनाए रखते हुए चोटी की ऊंचाई तक पहुंचना अदम्य साहस का कार्य है, जिसे पूर्ण कर कैडेट्स ने प्रशंसनीय कार्य किया है। लगभग एक महीने तक देश के राज्य सिक्किम में चले पर्वतारोहण के विशेष प्रशिक्षण के बाद दोनों कैडेट्स 1 मई को छिंदवाड़ा लौटें है। आज बच्चों के साहसी कार्य के लिए उनका गर्मजोशी से सांसद कार्यालय में स्वागत किया साथ सेन समाज छिन्दवाड़ा जिला अध्यक्ष सागर बंन्देवार व वरिष्ठ संरक्षक सेवक राम बंन्देवार आदि समाजिक बन्धुओं ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई शुभकामनाएं की।

अपने अनुभव साझा करते हुए कैडेट्स ने बताया कि यह यात्रा बेहद चुनौतीपूर्ण रही, लेकिन उनके दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास ने हर मुश्किल को आसान बना दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी लक्ष्य को ठान लिया जाए तो उसे प्राप्त करना पूरी तरह संभव है। इनकी यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और एनसीसी द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर एवं साहसी बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान नवाचार कर पक्षियों के लिए की पानी की व्यवस्था

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में बीएसडब्ल्यू द्वितीय वर्ष में अध्यनरत छात्रा सुश्री स्वाति ऊईके द्वारा ग्राम बामनवाड़ा में अपने स्वयं के घर में पड़ी हुई बेकार की प्लास्टिक की बोतलों का सदुपयोग करते हुए पक्षियों के लिए पेड़ों पर पानी की व्यवस्था की गई।



छात्रा ने बताया कि मेहनत का फल नजर आने लगा है। हमारे द्वारा किए गए छोटे से प्रयास कई पक्षियों की जरूर को पूरा कर सकते हैं। छात्रा स्वाति ने सभी से निवेदन किया है कि इस तरह का प्रयास सभी अपने घरों ने भी जरूर करें, जिससे इस भीषण गर्मी में कई पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सके और उनकी जान बचाने में हम अपना योगदान दे सकें।

## कुएं में गिरने से युवक की मौत



**परासिया, देशबन्धु।** उमरेठ थाना के कन्हरगांव पुलिस चौकी अंतर्गत पटपड़ा के घाना पुरा मोहल्ला में एक युवक का शव कच्चे कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बदेसिंह धुर्वे 28 वर्ष के रूप में हुई है, जो पटपड़ा का निवासी था।

परिजनों ने बताया कि बदेसिंह धुर्वे पिता हजेलाल धुर्वे कई दिनों से मानसिक रोग से पीड़ित था। वह घर पर भी अक्सर उधम मचाया करता था। शुक्रवार की सुबह जब उसका शव घर के पीछे कुएं में मिला, तो परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

घटना स्थल पर कुआं के अंदर बदेसिंह के शव के पास एक बकरी का शव भी मिला। पशु विभाग के डॉक्टर ने मृत बकरी के शव का पोस्टमार्टम किया।

घटना स्थल से कच्चे कुआं और खेत के बीच कुछ जगह खून के धब्बे भी दिखाई दिए। यह खून मृतक बदेसिंह या बकरी का हो सकता है। बदेसिंह के सर पर दो जगह घाव के निशान पाए गए है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो पाएगा कि कुछ जगह खून के धब्बे बकरी या मृतक के है और इसका घटना से क्या संबंध है।

कन्हरगांव पुलिस चौकी से पुलिस आरक्षक शरद चौहान ने मौके पर उपस्थित होकर मौका पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए परासिया रवाना किया। कन्हरगांव पुलिस आरक्षक शरद चौहान ने बताया कि मृतक की कुएं में गिरने से मृत्यु होना बताया जा रहा है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है पुलिस ने मामले को जांच विवेचना में लिया है।

## अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, चार गंभीर घायल, उपचार जारी




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शुक्रवार दोपहर छिंदवाड़ा जिले के भाजीपानी गांव में बड़ा हादसा हो गया। मुख्य मार्ग से गुजर रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक घर में जा घुसा। हादसे में घर के भीतर मौजूद चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बड़कुही चौकी प्रभारी अखरज धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि घायलों में केतिका साहू 30 वर्ष, शालू वाडिवा 35 वर्ष, पूर्वी वाडिवा 16 वर्ष एवं एक अन्य शामिल हैं। सभी घायलों को पहले वेकोलि अस्पताल, बड़कुही ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें शासकीय चिकित्सालय रैफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक नशे की हालत में था और नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक की गिरफ्तारी की कार्रवाई जारी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## योग दिवस की तैयारी, 6 सौ कैडेट्स ने सीखा योग



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एनएटीसी) के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 की पूर्व तैयारी के तहत 9 मई को प्रातः 6:00 बजे एक विशेष योग प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र 24 एम.पी. बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल थॉमस ओमेन एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल विजय कुमार के साथ जिला आयुष अधिकारी श्रीमती डॉक्टर प्रियंका उईके के मार्गदर्शन तथा लेफ्टिनेंट माइक प्रकाश की निगरानी में सम्पन्न हुआ।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर माल्हनवाड़ा से पधारे योग प्रशिक्षक डॉ. पवन नेमा द्वारा तीन जिलों से आए लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स को योग प्रोटोकॉल, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, भ्रामरी प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों का प्रशिक्षण सहज एवं प्रभावशाली विधियों द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही कैडेट्स को उनके शारीरिक और मानसिक विकास हेतु संतुलित पोषण, आहारचर्या और स्वास्थ्यवर्धक दिनचर्या के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोगमुक्त एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना तथा योग के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में एस.एम. सतीश तापसे, फर्स्ट ऑफिसर मनोज शर्मा, सेकंड ऑफिसर नीतू कालभोर, लक्ष्मण पटले, राजेंद्र चौधरी, थर्ड ऑफिसर राकेश चतुर्वेदी, अभिजीत मोहबे, धीरेंद्र चौहान, योगेश डोंगरे, दिनेश खापरे, विश्वेश्वर रंगारे, बीएचएम निर्मल गुरुंग तथा समस्त पी.आई. स्टाफ की विशेष उपस्थिति रही।

### कैडेट्स को मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन किया प्रदान

एनसीसी शिविर में आयोजित यह योग प्रशिक्षण सत्र, योग दिवस के प्रति जनजागरूकता फैलाने, युवाओं के स्वास्थ्य संवर्धन तथा आत्म-संयम व अनुशासन की भावना विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

## दमुआ के झिरीघाट घरातियों से भरी बस पलटी, 17 लोग घायल, 7 गंभीर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शुक्रवार सुबह लगभग सात साढ़े सात बजे दमुआ के बिरजपुरा गांव में ब्याही बिटिया और घरातियों को लेकर वापस अब्दुल्लागंज लौट रही बस इस इलाके के खतरनाक झिरी घाट में चालक की लापरवाही की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में कुल 17 लोगो को चोटें आने की खबर है। घायलों को तत्काल दमुआ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में। लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार कियागया इनमें से सात लोगो की स्थिति गंभीर होने की वजह से उन्हें जिला अस्पताल रिफर किया गया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. रोहिल जॉनसन और संदीप लोधी ने घायलो का इलाज किया। डॉ. रोहिल जॉनसन ने बताया इनमें से सात घायलो को रैफर किया गया बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी है।

सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुँची और हादसे के कारणों की जांच जारी है वहीं मौके से पलटी हुई बस को भी हटाने का काम जारी है ।

गंभीर रूप से घायलों में राधिका विक्रम उइके 15 वर्ष, दशरथ सिंह परते 65 वर्ष, भावेश खेमचंद 08 वर्ष, जशोदी नन्हे लाल 60 वर्ष, वैजंती प्रेमसिंग 60 वर्ष, शकुन भगवान सिंग 40 वर्ष, बबीता खेमचंद 38 वर्ष, नर बदी काशीराम 65 वर्ष, कपूरी खेमचंद 65 वर्ष, विनीता हरिलाल 30 वर्ष, राधाबाई दशरथ सिंग 70 वर्ष, भगवान मौजी लाल 45 वर्ष, कुंती बालकिशन, विनोद श्रीराम 50 वर्ष, अमर सिंग मोइलाल 75 वर्ष, सुखवती रघुवीर सिंग 40 वर्ष, मोनिका इंद्रजीत 35 वर्ष शामिल है जिन्हें जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है और समाचार लिखे जाने तक सभी घायल खतरे से बाहर बताए गए है।

## सांसद विवेक बंटी साहू ने सुनी समस्याए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने परासिया रोड स्थित सांसद कार्यालय में पहुंचे लोगों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को जाना और उसका निराकरण किया। शुक्रवार को सांसद श्री साहू से मिलने के लिए बड़ी संख्या में लोग सांसद कार्यालय पहुंचे हुए थे। लोगों से मुलाकात करते हुए सांसद श्री साहू ने सभी की समस्याओं का गंभीरता पूर्वक विचार कर उसका निराकरण किया। सांसद कार्यालय अपनी समस्या लेकर पहुंचे लोगों ने भी सांसद श्री साहू को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निराकरण करने का निवेदन किया। जिस पर श्री साहू ने कुछ समस्याओं का तत्काल ही निराकरण कर संबंधित अधिकारियों को फोन के माध्यम से समस्या से अवगत कर उसका निराकरण करने के लिए कहा वही कुछ समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन

# जिले के आदिवासी ग्रामों में भ्रमण के लिए आए प्रशिक्षु अधिकारियों से कलेक्टर ने किया संवाद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल के निर्देशानुसार एम. पी.पी.एस.सी. परीक्षा से विभिन्न पदों पर चयनित हुए 15 प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए छिंदवाड़ा जिले में 05 से 10 मई 2025 तक आदिवासी ग्रामों में शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इन प्रशिक्षु अधिकारियों में 4 डिप्टी कलेक्टर, 4 डीएसपी (रेडियो), 1 डी.एस.पी. (जीडी) और 6 नायब तहसीलदार को शामिल किया गया था। कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में इन सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से वन-टू-वन संवाद किया और उनके अनुभव जाने। साथ ही शासकीय सेवा में बेहतर दायित्व निर्वहन के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए।




ये सभी प्रशिक्षु अधिकारी 05 मई को छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव पहुंचे थे, जहां कन्या शिक्षा परिसर जुन्नारदेव में उनके ठहरने की संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी अधिकारी मनीष बोरकर और सहायक प्रभारी श्रीमती सी.के. सातनकर द्वारा की गई। जिसके बाद 06 मई को रामपुर क्षेत्र में आंगनबाड़ी, पीआर, गतिविधियाँ, मनरेगा योजना का अवलोकन कराया गया और मवासी समुदाय से संवाद हुआ। भ्रमण में ग्राम पंचायत पिंडरईकला, वकोडी, बजगांव, चउमउ एवं टेकाढाना शामिल थे। 07 मई को चिमटीपुर (पातालकोट) में भारिया जनजाति के जीवन, होम स्टे संस्कृति एवं पारंपरिक ज्ञान की जानकारी ली, 08 मई को ग्राम सांगाखेड़ा के भूराभगत में आदिवासी समुदाय से प्रत्यक्ष चर्चा की। जिसके बाद 09 मई को जनपद पंचायत जुन्नारदेव में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई एवं हिंगलाज मंदिर का भ्रमण भी कराया गया जिसके बाद कलेक्टर सभाकक्ष में समापन सत्र हुआ, जिसमें कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार ने अधिकारियों से संवाद किया। ये सभी अधिकारी कल प्रातः 9 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

कलेक्टर ने दी प्रेरणा

संवाद कार्यक्रम में सबसे पहले कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और अब तक की यात्रा पर चर्चा की। उन्होंने प्रेरणादायक कहानी सुनाकर अधिकारियों को पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि गंभीर प्रयासों से ही विकास संभव है। सही प्रयास और सकारात्मक सोच जीवन में अच्छा कर्म करने की दिशा देती है।

जिला पंचायत सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार ने जिले में संचालित योजनाओं जैसे वॉश ऑन व्हील, ब्लूबेरी फार्मिंग, स्ट्रॉबेरी फार्मिंग, पर्ल फार्मिंग आदि की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने इन योजनाओं के क्रियान्वयन पर अधिकारियों से उनकी समझ और विचार भी साझा करने को कहा। यह भ्रमण कार्यक्रम अधिकारियों के लिए एक व्यवहारिक अनुभव रहा जिसमें उन्होंने जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन और योजनाओं के प्रभाव को निकट से देखा और समझा। इस तरह प्रशिक्षु अधिकारियों का भ्रमण छिन्दवाड़ा के आदिवासी अंचल में संपन्न हुआ।



## गर्ल्स कॉलेज के पास और प्रेस कॉम्पलेक्स में अतिक्रमण से लोग परेशान, जिम्मेदार बेखबर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा में नपानि द्वारा अतिक्रमण दस्ता चलाया जाता है जो भेदभाव से परिपूर्ण है, जहां हम वहां दम की बात होती है कमजोर का हटाया जाता है और प्रभावशालियों को हाथ नहीं लगाया जाता। शुक्रवार को सड़क पर दुकानें लगती है। प्रेस काम्पलेक्स और गर्ल्स कॉलेज पूरी तरह ढक जाता है। बावजूद इसके अतिक्रमण दस्ता इस तरह के अतिक्रमण को हटाने में अक्षम क्यों है।

### सार-समाचार

## सांसद विवेक बंटी साहू की पहल से युवाओं को मिलेगा रोजगार, आज लगेगा मेला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जन जन की चिंता करने वाले सांसद बंटी विवेक साहू अपने संसदीय क्षेत्र के युवाओं को बेहतर रोज़गार की सुविधा उपलब्ध कराने दृढ़ संकल्पित हैं। उनके इन्ही प्रयासों का नतीजा है कि छिंदवाड़ा पांढुरना ज़िले के युवाओं को लगातार रोज़गार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

अब उनके प्रयासों से युवाओं को शानदार रोज़गार का एक बेहतरीन अवसर उपलब्ध हुआ है। सांसद बंटी विवेक साहू के आमंत्रण पर एक प्रतिष्ठित कंपनी युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन कर रही है। शनिवार को परासिया रोड स्थित पूजा लॉन में ट्राइडेंट ग्रुप यार्न यूनिट स्पिनिंग द्वारा पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर दो बजे तक रोज़गार मेला लगाया जा रहा है। इस मेले में चयनित सैकड़ों युवाओं को शानदार रोज़गार मिलने का अवसर प्राप्त होगा। मेले के संबंध में ट्राइडेंट ग्रुप की ओर से बताया गया कि रोज़गार पाने के उद्देश्य से इस मेले में जाने वाले युवाओं को आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10 वी की अंकसूची लाना अनिवार्य होगा। आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं कुशल कारीगरों के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। ग्रुप की ओर से बताया गया कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए महिला अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## जल जीवन मिशन से बदली ग्राम सोनखवा की तक़दीर, अब हर घर में पहुंचता है पानी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के विकास खण्ड छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायत केवलारी के अन्तर्गत आने वाला ग्राम सोनखवा एक समय पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहा था। लेकिन जल जीवन मिशन के आने के बाद इस गाँव की तस्वीर ही बदल गई। यह कहानी ग्राम के 73 परिवारों और 308 ग्रामीणों की है जिन्होंने पानी की कठिनाई से लेकर हर घर जल तक का सफ़र तय किया है।

ग्राम सोनखवा, जिला छिंदवाड़ा के विकासखण्ड छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायत केवलारी का एक गांव है। इस ग्राम की कुल जनसंख्या 308 है, जिसमें 92 सामान्य वर्ग, 21 अनुसूचित जाति तथा 195 अनुसूचित जनजाति वर्ग के निवासी हैं। ग्राम में कुल 73 परिवार निवास करते हैं, जिन्हें जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल कनेक्शन से जोड़ा गया है। सोनखवा अब हर घर जल प्रमाणित ग्राम बन चुका है। ग्रामवासियों को पहले पीने के पानी के लिए दूर-दराज के जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। गांव कृषि और मजदूरी पर आधारित हैए इसलिए पानी भरने में लगने वाला समय उनके अन्य कार्यों में बाधा बनता था। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता था, बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा था। पशुओं के लिए भी जल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती थी।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम सोनखवा में घर-घर नल कनेक्शन स्थापित किए गए। अब ग्रामवासियों को पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। प्रत्येक घर में पाइपलाइन के माध्यम से स्वच्छ जल की आपूर्ति हो रही है। इससे ग्रामवासियों के समय की बचत हो रही है, जिसे वे अब कृषि, मजदूरी और अन्य आवश्यक कार्यों में उपयोग कर पा रहे हैं।

ग्राम की श्रीमती अंजलि उइके बताती हैं कि उन्हें पहले दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था। पानी की बहुत दिक्कत थी जिससे उन्हें अन्य कार्यों के लिए समय नहीं मिल पाता था। लेकिन जब से जल जीवन मिशन शुरू हुआ हैए तब से उनके घर पर ही नल से पानी मिल रहा है। अब उन्हें बहुत राहत है और वह अन्य कार्यों में समय दे पा रही हैं। वह इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को दिल से धन्यवाद देती हैं।



## बिजोरी खुर्द और केवलारी में दीवार लेखन से दिया जल है तो कल का संदेश





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा जल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं उसी श्रंखला में जन अभियान परिषद के बी.एस.डब्ल्यू., एम.एस.डब्ल्यू. के स्टूडेंट मैटर्स जिले के कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन परामर्शदाता समाजसेवी विनोद तिवारी, श्रीमति तृप्ती सिंह, श्रीमति लता नागले, जयप्रकाश सुर्यवंशी, आशिष साहू के नेतृत्व में विकासखण्ड छिंदवाडा के ग्रामो में जल स्त्रोतों के समीप मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम/ कार्यक्रम के विद्यार्थियों के द्वारा दीवार लेखन किया जा रहा है । इसी कड़ी में कल 9 मई 2025, दिन शुक्रवार को सेक्टर क्रमांक- 1 के ग्राम पंचायत बिजोरीखुर्द व केवलारी मे एम.एस.डब्ल्यू. की छात्र व छात्रा किरण बट्टी व निकेश चौरिया के द्वारा दिवाल लेखन कर ग्रामिणो को संदेश दिया गया और बताया गया कि 21 वी सदी का भारत पानी बचाने के लिए होगा यह तभी संभव है जब हम सभी मिलकर जनजागरूकता लाऐं तभी पानी बचाया जा सकता है, संरक्षित किया जा सकता है और इसी में हम सबकी भलाई निहित है।

## पीड़ित मानवता की सेवा करना ही है रेडक्रास सोसायटी का उद्देश्य : डॉ. केके श्रीवास्तव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर मानवता के पक्ष में थीम पर कार्यशाला का आयोजन जिला रेडक्रास सोसायटी छिंदवाड़ा द्वारा यूथ रेडक्रास एवम एन.एस.एस. के सहयोग से डी.डी.सी. कॉलेज के सभागार 8 मई 2025 को आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम रेडक्रास के जनक सर हेनरी डूयूनाड फोटो पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवम वक्ता के रूप में लंबे समय से जिला रेडक्रास सोसायटी से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के.के. श्रीवास्तव, जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉक्टर एस.एस. ब्राउन, विशेष अतिथि डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष विनीत त्रिवेदी, जिला रेडक्रास सोसायटी के मेंबर एवम जूनियर रेडक्रास सोसायटी के नोडल अधिकारी विनोद तिवारी, एन.एस.एस. जिला संगठक एवं यूथ रेड क्रॉस प्रभारी प्रो. रविंद्र नाफ्ड़े मंचासीन थे। समस्त अतिथियों का पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत किया।

अपने उद्बोधन में जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉक्टर एस.एस. ब्राउन ने रेडक्रास सोसायटी के कार्यों से अवगत कराते हुए कहा की विश्व की सबसे बड़ी गैर स्वयं सेवी एवम गैर राजनीतिक संता रेडक्रास सोसायटी है जिससे जुड़ने में सभी को गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने बताया की जिले में कैसे सेवाभावी कार्य जिला रेडक्रास सोसायटी के जिला अध्यक्ष एवम कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संचालित किए जा रहे है। हर दीन हीन दुखियो के सेवा करना ही रेडक्रास का प्रथम कर्तव्य है। पीड़ित मानवता की सेवा करना ही रेडक्रास का लक्ष्य है और इसमें सभी मेंबर्स सारथी बनकर अच्छा कार्य कर रहे है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर के.के. श्रीवास्तव ने कहा की मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझता हूं क्योंकि मैंने





रेडक्रास सोसायटी में लबे समय से सेवाभावी कार्य किया हूं। आपदाओं के समय सबसे पहले सेवा में अपना कदम बढ़ाने बाली संता ही रेडक्रास है। ब्लड बैंक की स्थापना से लेकर रक्तदान महादान जैसे पवित्र कार्य भी रेडक्रास सोसायटी से जुड़े सभी लोग करते है। रेडक्रास का बुनियादी सिद्धांत में प्रथम सिद्धांत मानवता है जिसे निष्पक्षता से करने को संकल्पित है रेडक्रास सोसायटी। आप सभी से मैं इस अवसर पर आव्हान भी करता हूं की आप सेवा करना चाहते है तो रेडक्रास सोसायटी से जरूर जुड़े।

इस अवसर पर कार्यक्रम के विशेष अतिथि मेजर राकेश श्रीवास्तव ने कहा की मैने रेडक्रास सोसायटी के कार्य देखे है बिना भेदभाव के निष्पक्षता के साथ तटस्थता स्वयंसेवी संस्था एकता व विश्वसनीयता लड़ाई के मैदान में घायल हुए लोगो को विना भेदभाव के सहायता पहुंचाना मानवता का परिचय है। ऐसी संस्था को भला कौन नहीं जानता मैं आज विश्व रेडक्रास दिवस पर आप सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

कार्यक्रम में जिला रेडक्रास सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य एवम जूनियर रेडक्रास सोसायटी के जिला नोडल अधिकारी विनोद तिवारी ने रक्तदान दान महादान की उपयोगिता बताते हुए कहा की हम सभी के द्वारा किए गए रक्तदान से किसी अनजान व्यक्ति की जान बच सकती है। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा की जिला रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष कलेक्टर की अनुशंसा पर जरूरत मंद लोगो की आर्थिक सहायता के साथ साथ समय समय पर हेल्थ चेकअप कैंप सहित स्वास्थ शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किए जा रहे है साथ ही जूनियर रेडक्रास एवम यूथ रेडक्रास के माध्यम से भी फस्टेट ट्रेनिंग, आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षण दिए जा रहे है। रेडक्रास सोसायटी की एक ऐसी संस्था है जो जाति धर्म या राजनीति मतो के आधार पर भेद भाव न कर पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल सहायता करना ही इसकी निष्पक्षता की पहचान है। जिला रेडक्रास सोसायटी प्रत्येक सेवा भावी कार्यों के लिए संकल्पित है।

# स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

## कलेक्टर ने दिया अधिकारियों को दिशा-निर्देश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में 2025 के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, प्रभारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग उमेश सातनकर, डी.पी.सी. जगदीश इड़पाचे, सहायक संचालक शिक्षा, जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, ए.पी.सी. और बी.आर.सी.सी. उपस्थित थे।



जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि कक्षा 10वीं में इस वर्ष जिले का परीक्षा परिणाम 80.9 प्रतिशत रहा, जो गत वर्ष के 60.5 प्रतिशत की तुलना में 20.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 81.5 प्रतिशत रहा, जो 2024 के 61.2 प्रतिशत से 20.3 प्रतिशत अधिक है। राज्य स्तर पर कक्षा 10वीं का औसत परिणाम 76.22 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का 74.48 प्रतिशत रहा, जिसके मुकाबले छिंदवाड़ा जिले ने क्रमशः 4.68 और 7.02 प्रतिशत की बढ़त हासिल की है। शासकीय विद्यालयों में सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं का परिणाम 83.7 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परिणाम 84.1 प्रतिशत रहा है, जो कि उत्कृष्ट प्रदर्शन है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी के कारण ही यह प्रगति संभव हो पाई है।

प्रदेश मेरिट सूची में भी जिले के विद्यार्थियों ने अपना परचम लहराया है। कक्षा 10वीं में कुल 8 विद्यार्थियों ने प्रदेश मेरिट सूची में स्थान पाया, जिनमें 2 शासकीय और 6 अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हैं। कक्षा 12वीं में भी 7 विद्यार्थी मेरिट में आए हैं, जिनमें 4 शासकीय और 3 अशासकीय विद्यालयों के छात्र हैं।

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित स्कूलों ने भी इस वर्ष शानदार प्रदर्शन किया है। प्रभारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सातनकर ने बताया कि कक्षा 10वीं में विभाग का परिणाम 88.17 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष के 62.10 प्रतिशत की तुलना में 26.07 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं कक्षा 12वीं में परिणाम 86.47 प्रतिशत रहा, जो कि गत वर्ष के 64.62 प्रतिशत से 21.85 प्रतिशत अधिक है।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी शिक्षकों, अधिकारियों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि जिले में शिक्षा का स्तर लगातार ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी की मेहनत से यह परिणाम आए हैं, जिससे यह सिद्ध होता है कि हमारे शिक्षक और विद्यार्थी दोनों में अद्भुत क्षमता है। ऐसे ही निरंतर परिश्रम करते रहिए।

बैठक में जिले के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों ने जानकारी दी कि बेहतर परीक्षा परिणामों से प्रभावित होकर अब निजी स्कूलों के बच्चे भी शासकीय स्कूलों में प्रवेश ले रहे हैं। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि जहां कही भी स्कूलों के नये भवन बनकर तैयार हो चुके हैं वहां इसी सत्र से कक्षायें शुरू हो जाये के निर्देश दिए है।

छाया- शेख अल्फाज